## खबर संक्षेप



### संसार में माता-पिता से बढ़कर कोई नहीं: फौगाट

**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया। कक्षा छठी के बच्चों को आज होली का उत्सव मनाने की जिम्मेवारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यतिथि उपशिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट ने द्वीप प्रज्वलन कर की। उन्होनें बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरी तरफ से आपको व आपके अभिभावको को यह शुभकामनाएं देती हूं की होली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां भर दें।

### कॉलेज में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी।** महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री बीएड प्रशिक्षण महाविद्यालय में एक बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन एनएसएस प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ विकास शर्मा की अध्यक्षता में हुआ जिसमे बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं में कल्पना प्रथम, संगीता द्वितीय एवं दीपक तृतीय स्थान पर रही। वही छात्रों में मोहित प्रथम, विकास द्वितीय एवं निशांत तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं एनएसएस प्रभारी डॉक्टर विकास शर्मा ने छात्रों को भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### शिविर में 61 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** शनिवार को कीर्ति नगर स्थित गोपीराम चौक के नजदीक सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने वंशिका फाउंडेशन के सहयोग से 18वें विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा व ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित करके किया। जहां चिकित्सा टीम ने रक्त दाताओं की बारीकी से जांच के बाद रक्तदान करवाया। इस दौरान 61 युवाओं ने रक्तदान किया।

### शनिदेव है कलयुग में न्याय के देवताः वेदनाथ

**भिवानी।** शनि देव कलयुग में न्याय के देवता हैं, ये विचार शनिदेव महाराज के 20वां वार्षिक हवन यज्ञ एवं भंडारे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यतिथि पधारे जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने कहे।

### चलाया जाएगा एचपीवी टीकाकरण अभियान

**चरखी दादरी।** बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को जिला नागरिक अस्पताल में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अभियान की शुरुआत की। इस दौरान 14 आयु वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर अभियान की शुरुआत की गई।

## जाटू लोहारी के अंडर पास की समस्या का जल्द करवाएंगे निराकरण: कपूर

# खुले दरबार में गूंजी खेतों के कच्चे रास्ते को पक्के करने की मांग

**तेज बारिश के जलभराव ने उनके खेतों के रास्ते पूरी तरह से बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि। फोटो: हरिभूमि


शनिवार को विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के खुले दरबार में ज्यादातर खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाए जाने की मांग उठी। लोगों का तर्क था कि बारिश के दिनों में कच्चे रास्ते की वजह से लोगों का खेतों में आना जाना पूरी तरह से बंद हो जाता है। विगत में आई तेज बारिश के जलभराव ने उनके खेतों के रास्ते पूरी तरह से बंद करवा दिए है। इस पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने जल्द ही खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाए जाने का भरोसा दिलाया है। चूंकि अब खेतों के रास्ते पूरी तरह से खराब हो चुके है। उनको दुरुस्त व पक्का करवाना निहायत जरूरी है। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित खुले दरबार में दो सौ से ज्यादा लोगों अपने अपने इलाकों की समस्याएं रखी। ज्यादातर लोगों की खेतों से संबंधित समस्याएं व शिकायतें थी। खेतों के कच्चे रास्ते पक्के करवाने के अलावा नहर व माइनरों में अतिरिक्त मोगे लगवाने की मांग रखी गई। किसानों का तर्क था कि मोगे का साइज कम व ज्यादा होने की वजह से उनके खेतों तक प्रर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता। जिससे फसलों की सिंचाई अधूरी रह जाता है। कई बार नहर व माइनर में पर्याप्त पानी होने के बावजूद भी पानी नहीं पहुंच पाता। इस पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने उसी वक्त सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जिस गांव के किसानों के खेतों में मोगे की समस्या थी। उन किसानों के बारे में सिचांई विभाग को सूचित कर दिया और उनकी समस्या का तत्काल हल निकालने का भरोसा दिलाया। इनके अलावा बिजली व पानी की अनेक समस्यांए खुले दरबार में रखी गई। विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने मौके पर अधिकारियों को फोन करके समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। उनको समस्या के निदान के लिए सरकारी दफतरों के चक्कर न लगाने पड़े।

### जाटू लोहारी अंडरपास की समस्या मार्च तक हो जाएगी हल

गांव जाटू लोहारी के रेलवे फाटक सी 60 व 62 की जगह बने अंडरपास में भूमिगत जलभराव होने की वजह से खेतों के रास्ते पूरी तरह से बंद हो गए है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे रेलवे के अधिकारियों के पास भी शिकायत दे चुके है,लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। इस पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बीकानेर मंडल के अधिकारियों से बात की और सारे मामले से अवगत करवाया। इस पर रेलवे अधिकारियों ने विधायक को भरोसा दिलाया कि वे मार्च माह तक इस समस्या का समाधान कर देंगे। साथ ही विधायक ने कहा कि अगर इस समस्या का समाधान नहीं करते तो वे रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे समस्या का समाधान करवाएंगे।

### 200 शिकायतें आई

इस दौरान विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि आज खुले दरबार का आयोजन किया गया था। जिसके करीब दो सौ के आसपास छोटी बड़ी शिकायतें आई। जिनका समाधान करवाया गया। खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करवाने तथा जाटू लोहारी के अंडरपास की दो बड़ी समस्याएं थी। उनका भी जल्द समाधान करवा दिया जाएगा।




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में विधायक को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## वैश्य महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

# युवा पीढ़ी को मानसिक रूप से बनाना होगा मजबूत

- मूल्य-आधारित शिक्षा, सकारात्मक सोच और भावनात्मक सशक्तिकरण आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने का प्रभावी उपाय: सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आत्महत्या केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता पर गहरा आघात है। हम सबको मिलकर युवा पीढ़ी के मानसिक विकास को सदृढ़ बनाने के लिए मानसिक जागरूकता अभियान चलाने होंगे तभी आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है यह बात स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आत्महत्या : समाज की अंतरात्मा पर गहरा घाव — दोषी कौन विषय पर महाविद्यालय के सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पधारें। वरिष्ठ आई एफ एस अधिकारी उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के महानिदेशक एस.नारायणन ने कही। उन्होंने युवाओं में बढ़ते मानसिक तनाव, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक दबाव और संवादहीनता को प्रमुख कारण बताते हुए परिवार, शिक्षण संस्थानों एवं सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी पर बल दिया संगोष्ठी में मंच का सफल संचालन डॉ वंदना वत्स ने किया।

चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने का माध्यम है। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य डॉ.रविंद्र पुरी ने मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समाज को संवेदनशील बनाना और 'सुनने की संस्कृति' विकसित करना समय की मांग है।

# अध्यापक एकादश ने जीता मैच

- डॉ. बीएन वर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, अनेक मुकाबले हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। मैच से पूर्व एकत्रित टीमें। फोटो: हरिभूमि

विजन क्रिकेट अकादमी में डॉ. बीएन वर्मा की स्मृति में क्रिकेट मैच का आयोजन किया। सौहार्दपूर्ण माहौल में खेले मैंच का मुख्य आकर्षण अध्यापक एकादश, पार्षद एकादश, डॉक्टर एकादश व एडवोकेट एकादश की टीमें रहीं। पहले मैच का रोमांच मुकाबला अध्यापक एकादश व पार्षद एकादश के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ रिटायर्ड प्रिंसिपल राकेश भारद्वाज और पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं पूर्व विधायक राजदीप फौगाट ने टॉस करवाकर किया। अध्यापक एकादश के कप्तान रविंद्र जांगड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

### अध्यापक एकादश ने 154 रन बनाए

अध्यापक एकादश की ओर से संजय मित्तल और सुंदरपाल फोगाट ने शुरुआत की। सुंदरपाल के आउट होने के बाद मोंटी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए रन गति को बढ़ाया, जिससे टीम का स्कोर 10 ओवर में 75 रन तक पहुंच गया। निर्धारित 20 ओवरों में अध्यापक एकादश ने 154 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से मोंटी ने सर्वाधिक 40 रन, संजय मित्तल ने नाबाद 20, संजय शास्त्री ने 18 और विजय ने 10 रनों का योगदान दिया। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पार्षद एकादश की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 129 रन ही बना सकी और 25 रनों से मैच हार गई।

# 14 वर्ष की छात्राओं को वैक्सीनेशन लगाई

- सांसद धर्मबीर सिंह ने किया सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। बच्चे को एचपीवी का टीका लगाते हुए। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को राजस्थान के अजमेर से सर्वइकल कैंसर के विरुद्ध शुरू किए गए राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की कड़ी में लोकसभा सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने स्थानीय चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान वीर शहीद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीरन तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी की 14 वर्ष की छात्राओं का किया अस्पताल स्टाफ द्वारा वैक्सीनेशन किया गया। इस मौके पर नगराधीश अनिल कुमार और सिविल सर्जन डॉ रघुबीर शांडिल्य भी मौजूद रहे।

### प्रथम बार लगाई जा रही वैक्सीन

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य देश के आमजन की स्वास्थ्य की रक्षा करना है। हमारे देश की 14 वर्ष की सभी लड़कियों को एचपीवी वैक्सीनेशन देकर कैंसर से बचाव करना है। उन्होंने कहा कि विश्व के बहुत से देशों में महिलाओं को कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीनेशन की जाती है। हमारे देश में प्रथम बार इस वैक्सीनेशन का आज शुभारंभ किया गया है। इस अभियान का लक्ष्य 14 साल की लगभग 1.15 करोड़ लड़कियों को टीका लगाना है।

### दो खुराक दी जाएंगी

सिविल सर्जन डॉक्टर रघुवीर शांडिल्य ने इस वैक्सीन के बारे मे बताया कि यह वैक्सीन एचपीवी संक्रमण को रोकता है जो कैंसर का मुख्य कारण है। यह वैक्सीनेशन (ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीका) मुख्य रूप से गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल और मुंह/गले के कैंसर के साथ-साथ जननांगों के कैंसर से भी सुरक्षा प्रदान करता है। वैक्सीन लगभग 90 प्रतिशत से अधिक उन कैंसरों को रोक सकती है जो एचपीवी वायरस के कारण होते हैं। अभी यह 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सबसे प्रभावी है। जिसे 2 खुराक में दिया जाना है। उन्होने कहा कि जिले में लगभग 12 हजार किशोरियों को एचपीवी वैक्सीनेशन दिया जाएगा। कार्यक्रम में डॉक्टर मनीष श्योराण आदि मौजूद रहे।



चरखी दादरी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# आरईडी स्कूल चरखी में विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**चरखी दादरी।** आरईडी स्कूल चरखी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुभारंभ विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों से हुई। मंच संचालन मनस्वी और वंशिका द्वारा किया गया। जिसमें सबसे पहले जेनिफर ने अंग्रेजी कविता तथा काश्वी ने हिंदी कविता प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद दक्षिता, माधव, माही, अवनि, काश्वी, नयांश, युक्ति और सान्वी ने विज्ञान विषय पर आधारित एक आकर्षक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें विज्ञान के महत्व और उसके दैनिक जीवन में उपयोग को रोचक ढंग से दर्शाया गया। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित एक समूह गीत प्रस्तुत किया, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया। गर्वित ने दिनभर की मुख्य खबरें सुनाईं, जबकि प्रियांशु ने आज का शब्द बताकर सभी के ज्ञान में वृद्धि की।

# विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

- आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची में नवयुग की ऋशु व हर्ष ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

नगर के कनीना रोड गांव मकडानी स्थित नवयुग विद्यालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन निर्देशक अजय जाखड़ की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में सैनिक स्कूलों के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों का स्वागत फूल मालाओं से करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के साथ ही मकडानी नवयुग स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। स्कूल निर्देशक अजय जाखड़ ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम बताया।

### हर्ष ने किया शानदार प्रर्शन

स्कूल में अध्ययनरत मकडाना निवासी ऋशु और मकडानी निवासी हर्ष ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर अपना नाम चयनित विद्यार्थियों की सूची में सफलता के साथ उच्च मेरिट के आधार पर दर्ज करवाते हुए स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

# जेएलएन स्कूल में पारितोषिक वितरण और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



गांव बिलावल स्थित जेएलएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। आयोजन की अध्यक्षता स्कूल निदेशक संजय शर्मा ने की। प्राचार्य प्रवीन कुमारी के मार्गदर्शन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया बच्चों ने दी। विद्यालय निदेशक संजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की प्रगति रिपोर्ट साझा की। वहीं प्राचार्या प्रवीण कुमारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, हरियाणवी लोक नृत्य और नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## सतबीर सिंह ने स्कूल के अस्तित्व में आने से पूर्व वर्ष 1989 में केएम संस्था में किया था ज्वाइन

# 37 साल की सेवा उपरांत केएम पब्लिक स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड सतबीर सिंह सेवानिवृत्त

- शिक्षक व गैर शिक्षकों ने सतबीर सिंह के कार्यों की प्रशंसा, दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। सिक्योरिटी गार्ड सतबीर सिंह को सेवानिवृति पर सम्मानित करती प्राचार्य रेनू सैनी, शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ सदस्य।

किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल के सिक्योरिटी गार्ड सतबीर सिंह भटठी शनिवार को सेवानिवृत हो गए हैं। उनकी सेवानिवृत्ति पर प्राचार्या रेनू सैनी, प्राइमरी विंग प्रभारी अंजू पोपली, शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ सदस्यों ने उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों की जमकर प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

सतबीर सिंह ने वर्ष 1989 में केएम संस्था में ज्वाइन किया और 37 साल तक अपनी सेवाएं दी। सतबीर सिंह स्कूल के प्रत्येक बच्चे व उनके अभिभावकों की पहचान रखते थे और हमेशा ड्यूटी को ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाया।

### ड्यूटी को सर्वोपरि माना

उल्लेखनीय हैं कि सतबीर सिंह भटठी केएम संस्था से वर्ष 1989 में जुड़े और तब किरोड़ीमल पब्लिक स्कूल अस्तित्व में भी नहीं आया था। इसके बाद वर्ष 1991 में केएम पब्लिक स्कूल का शुभारंभ हुआ, तब उन्होंने बतौर सिक्योरिटी गार्ड अपनी सेवाएं शुरू की और 37 वर्ष की सेवा के उपरांत शनिवार को सेवानिवृत हुए। विदाई समारोह में स्कूल की प्राचार्या रेणु सैनी ने बताया कि सतबीर सिंह भटठी ने हमेशा अपनी ड्यूटी को सर्वोपरि माना और पूरी ईमानदारी से ड्यूटी का निर्वहन किया, वे 37 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन वे व्यक्तिगत तौर पर हमेशा हमारे साथ रहेंगे। सतबीर सिंह का शालीन एवं मिलनसार स्वभाव एवं कार्य हमेशा याद रहेगा। वे प्रत्येक विद्यार्थी व उनके अभिभावकों की पहचान रखते थे और विद्यार्थियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अभिभावकों को सौंपते थे।



## 35 साल की सेवा में प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त हुए चंद्रशेखर

**तोशाम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संडवा के प्रिंसिपल चंद्रशेखर तलेजा शनिवार को अपने पद से सेवानिवृत्त हुए। शिक्षा विभाग में 35 वर्ष की सेवा देकर सेवानिवृत्त होने पर तोशाम की जाट धर्मशाला में उनके सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके साथी अध्यापकों ने चंद्रशेखर तलेजा की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि चंद्रशेखर तलेजा ने सदैव अपनी ड्यूटी का निष्ठा एवं ईमानदारी से बखूबी निर्वहन किया है। उनका मिलनसार एवं हंसमुख स्वभाव काबिले तारीफ है। चंद्रशेखर तलेजा ने सन 1991 में 4 फरवरी को गुहला चीका में टीजीटी एसएस अध्यापक के पद पर ज्वाइन करके अपनी सेवाएं प्रारंभ की थी। तत्पश्चात उन्होंने भिवानी जिले के गांव पटौदी, भैरा, सागवान, जमालपुर, बागनवाला, धारण, सरल और संडवा के विद्यालयों में बतौर अध्यापक अनेक विद्यार्थियों को शिक्षित किया।



## इतिहास प्रवक्ता प्रकाशचंद ग्रोवर 34 साल बाद सेवानिवृत्त

**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दिनोद के इतिहास प्रवक्ता प्रकाशचंद ग्रोवर शनिवार को सेवानिवृत हो गए। प्रवक्ता ग्रोवर ने शिक्षा विभाग में 34 वर्ष की सराहनीय एवं उत्कृष्ट सेवाएं दी, जिनकों हमेशा याद रखा जाएगा। इस मौके पर स्कूल परिसर में प्राचार्या सीमा कुमार की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में मंच संचालन प्रवक्ता ममता पालीवाल ने किया। समारोह में स्टाफ सदस्यों ने प्रवक्ता प्रकाशचंद ग्रोवर को पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान प्रवक्ता प्रकाशचंद ग्रोवर की पत्नी अध्यापिका आशा रानी, पुत्र गुरेश, पुत्री अंशुल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अध्यापकों व विद्यार्थियों से अपने विचार सांझा किए। प्राचार्या सीमा कुमारी ने कहा कि अध्यापक प्रकाशचंद ग्रोवर ने शिक्षा विभाग में अनुशासन, संस्कार, शिक्षा, कर्तव्य प्रायणता की मिशाल पेश की है, उनके पढ़ाए विद्यार्थी आज उच्च पदों पर आसीन होकर देशसेवा कर रहे हैं।

हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, रविवार 1 मार्च 2026

## लिटल हार्टस स्कूल में गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी

भिवानी। लिटल हार्टस पब्लिक स्कूल, भिवानी में छठी से आठवी कक्षा के विद्यार्थियों की गणित व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया व भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विज्ञान व गणित विषय से संबंधित प्रश्न किये गए जिनका विद्यार्थियों ने बड़ी तत्परता से उत्तर दिया। प्रतियोगिता में छठी कक्षा वर्ग में नक्ष राठौर, युवांश, उत्तम की टीम ने प्रथम, लोकिंत, आयुश शर्मा, कंचन की टीम ने द्वितीय व कुंश, हर्षित, अर्नव डुडेजा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवी कक्षा वर्ग में शौर्य शर्मा, रूजल, गौरव दहिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### धारेडू धाम में मचेगा कुश्ती का घमासान

**भिवानी।** हरियाणा की मिट्टी और यहां के युवाओं के रग-रग में बसने वाले कुश्ती के खेल को एक बार फिर बड़ा मंच मिलने जा रहा है। 4 मार्च बुधवार को भिवानी के प्रसिद्ध धारेडू धाम में श्री श्याम महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में एक विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### जनचेतना दिवस रैली के लिए मंथन किया

**बाढड़ा।** शनिवार को लोहारू रोड बाढडा कार्यालय में जजपा पदाधिकारियों ने 13 मार्च को हांसी में होने वाली जनचेतना दिवस रैली पर मंथन किया। पार्टी कार्यालय में जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, मिडिया प्रभारी राजेंद्र हूई ने कहा कि 13 मार्च को होने वाली जनचेतना दिवस रैली के लिए पूरे बाढडा हल्के को जोन में बांटा और प्रत्येक जोन में सीनियर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई।

### विज्ञान आधुनिक समाज की प्रगति का आधार

**बाढड़ा।** कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करना तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि विज्ञान आधुनिक समाज की प्रगति का आधार है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही देश विकास के नए आयामों तक पहुंच सकता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा नवीन प्रयोगों और अनुसंधान गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकला

**बाढड़ा।** प्रदेश के कोने कोने में फिरौती, लूटमार, अपराध, दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं से साफ हो गया है कि चरखी दादरी जिले सहित समस्त हरियाणा प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है। इनेलो पार्टी प्रदेश में अपराध को दूर करने के लिए सड. से लेकर विधानस भा तक मजबूती से आवाज उठाए हुए है। यह बात इनेलो प्रदेश महासचिव व पूर्व नप चेयरमैन विजय पंचगावां ने कस्बे में व्यापारियों की बैठक में कही।

### तीन दिवसीय समागम का हुआ समापन

**भिवानी।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सानिध्य में संत गरीब दास महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समागम का शनिवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। कालुवास मोड स्थित सतलोक आश्रम में 26, 27 और 28 फरवरी तक चले इस आध्यात्मिक उत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

## जन स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर लिखित शिकायत दर्ज करवाई

# मनियारों की गली में सीवरेज जाम, गली और प्राइमरी स्कूल में भरा दूषित पानी

**गलीवासी एवं विद्यार्थी बदबूदार माहौल में रहने को मजबूर, बीमारियां फैलने का अंदेशा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेठ किरोड़ीमल गौरी शंकर मंदिर के सामने मनियारो की गली में एक महीने से सीवरेज व्यवस्था ठप पड़ी है, जिस कारण गली व साथ लगते श्रीगंगाराम जैन प्राइमरी स्कूल में सीवर का गंदा पानी जमा हैं, जिसके चलते गलीवासी व विद्यार्थी बदबूदार माहौल में रहने एवं पढ़ने को मजबूर हैं और क्षेत्र में बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, समस्या के समाधान करवाने को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के समस्या शिकायत पोर्टल पर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी इसके बावजूद कोई समाधान नहीं करवाया जा रहा, क्षेत्रवासी जेई, एसडीओ व अन्य अधिकारियों से बार-बार संपर्क साधने के बाद भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा और न समस्या का समाधान किया जा रहा है




भिवानी। सीवर का विरोध जताते लोग। सेठ किरोड़ीमल गौरी शंकर मंदिर के सामने मनियारो की गली में ठप पड़ा सीवर का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### मक्खी-मच्छर पनप रहे

उल्लेखनीय है कि सेठ किरोड़ीमल गौरीशंकर मंदिर के सामने मनियारो की गली में करीब एक माह से सीवरेज व्यवस्था ठप पड़ी है जिसके चलते गली में सीवरेज का गंदा पानी जमा है, वहीं इसके साथ लगते श्रीगंगाराम जैन राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में भी सीवरेज का गंदा पानी जमा है, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे पढ़ाई करते हैं, गंदे पानी की वजह से गलीवासियो व प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, क्योंकि गंदे पानी की वजह से पूरा दिन बदबूदार माहौल बना रहता है और मक्खी मच्छर गंदे पानी में पनप रहे हैं, जो बच्चों व गलिवासियों को काटते है, जिससे बीमारियां फैल रही हैं, समस्या के समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई थी, इसके बाद पोर्टल पर दर्ज शिकायत के समाधान के लिए मिली रिसिप्ट में जेई पंकज कुमार व एसडीओ सूरज प्रकाश जैन का नाम अंकित होकर मिला जो समस्या का समाधान करने को लेकर उत्तरदायी बताए गए लेकिन क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा जिसके चलते क्षेत्रवासी बहुत परेशान हैं और पूरा दिन लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ता है वहीं प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने विद्यार्थी भी गंदे पानी के बीच बदबूदार माहौल में पढ़ने को मजबूर हैं, वही गली के सीवरेज जाम होने की वजह से लोगों के घरों में शौचालय चॉक हो गए हैं और पूरे घर में बदबू फैल रही है तथा क्षेत्रवासियों ने जल समस्या का समाधान नहीं करने पर जाम लगाने की चेतावनी दी है।



बहल। वॉटर शैड स्कीम के तहत बनाए गए बोर का शुरुआत करवाते हुए।

## पेयजल बोर की विधिवत रूप से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

कस्बे की धानक धर्मशाला में पेयजल के लिए बनाए गए बोर की विधिवत शुरूआत की गई। वॉटरशेड स्कीम के तहत बनाए गए इस बोर से यहां लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का निदान हो गया। लोगों ने बोर शुरू करने के लिए वाटरशेड स्कीम के अध्यक्ष पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल का आभार जताया।

रविवार को धानक समाज वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि धर्मशाला में लंबे समय से पानी की कमी को लेकर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। पानी के अभाव में जहां धर्मशाला परिसर में पेड़, पौधे झुलस रहे थे वहीं इसमें होने वाले आयोजनों में भी पानी की कमी लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई थी। वहीं,वाटर शेड स्कीम के चेयरमैन गजानंद अग्रवाल ने कहा कि जल मानव जीवन की बड़ी जरूरतों में से एक है। हम सबको पानी की व्यर्थ बर्बादी को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। लोगों ने पूर्व सरपंच पूर्व में किए गए सहयोग के लिए आभार जताया।

### ये रहे मोजूद

इस अवसर पर धानक समाज प्रधान सतीश नागर, प्यारेलाल नागर, जगदीश खन्ना, मुकेश, सुरेन्द्र, कृष्ण चौकीदार, पंच राजबीर बागड़ी, शिवकुमार नागर, सुरेश, प्रेम खन्ना, मदन, सेवासिंह, जयकुमार शर्मा, पवन मावर, सोनू मोरवाल, धनसिंह खन्ना सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### अलख मंदिर में बही भजनों की रसधार

**बहल।** फागुन एकादशी महोत्सव पर कस्बे के श्याम मंदिर व अलख मंदिर में आयोजित रात्रि जागरण में भजनों की रसधार बही। गायक कलाकारों ने एक के बाद एक सुंदर भजनों की श्रृंखला पेश कर भक्तजनों में भक्तिभाव का संचार किया। रात नौ बजे से शुरू हुआ जागरण देभजनों की मस्ती में भक्तजन श्रद्धा, विश्वास और उल्लास में डूबे रहे। श्याम बाबा के जयकारों से माहौल श्याममय नजर आया। शनिवार को रात नौ बजे श्री श्याम मंदिर में भजनों की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना और जोत प्रज्जलवन के साथ हुई। राजस्थान के चिड़ावा से आए गायक कलाकार बबलू ने गणेश वंदना के साथ सालासर हनुमान व श्याम बाबा के मधुर भजनों की श्रृंखला पेश की। उनके द्वारा पेश किए गए ।



भिवानी। बाइक जत्था निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### मुख्यमंत्री पंजाब में जाकर नतमस्तक हो रहे:दिग्विजय

**भिवानी।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जमकर हमला बोलते हुए कहा की मुख्यमंत्री हर रोज पंजाब में जाकर कार्यक्रम कर रहे हैलेकिन वह यह स्पष्ट करें की एसवाईएल पर भाजपा मुख्यमंत्री का क्या रूख है । चौटाला ने साथ ही यह कहा की पंजाब के भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ साफ साफ कह रहे हैं की हरियाणा को एसवाईएल का पानी नही देंगे। वे आज 13 मार्च की हांसी रैली को लेकर बवानीखेड़ा के दौरे पर थे। उन्होंने कहा की डा अजय सिंह चौटाला का जीवन संघर्षों से भरा रहा उन्होंने 10 साल की सजा युवाओं को नौकरी देने पर काटी । उनके 65 वें जन्मदिवस पर हांसी सर्व हरियाणा जनचेतना दिवस रैली में हजारों की संख्या में युवाओं और डा अजय सिंह चौटाला के चाहने वाले शिरकत करेंगे। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा की धर्म मजहब, जात-पात की राजनीति करने वाली भाजपा ने यूजीसी में बड़ा पैंतरा खड़ा करके देश के युवाओं को लडवाने का काम शुरू किया था जिसमें वह सफल नहीं हुए।

## टॉप 50 'फ्रंटियर जिलों' में शामिल हुआ दादरी

**चरखी दादरी।** दादरी जिला देश के टॉप 50 'फ्रंटियर जिलों' में शामिल हो गया है। विज्ञान भवन नई दिल्ली में नीति आयोग द्वारा आयोजित फ्रंटियर 50 वर्कशॉप में देश के चयनित 50 जिलों के उपायुक्तों को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ नीति आयोग के सीईओ तथा मिशन डायरेक्टर द्वारा किया गया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने आकांक्षी ब्लॉक बाढड़ा की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इसे टेक्नोलॉजी ड्रिवन मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित करने की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि देशभर के 513 आकांक्षी ब्लॉकों एवं 112 आकांक्षी जिलों में से मात्र 50 जिलों का चयन 'फ्रंटियर जिलों' के रूप में हुआ है, जिसमें चरखी दादरी ने अपनी सशक्त पहचान बनाई है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन द्वारा बाढड़ा ब्लॉक के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष इनोवेटिव प्रपोजल तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें नीति आयोग की फ्रंटियर टेक्निकल हब शाखा को बजट एवं अनुदान के लिए भेजा जाएगा। सरकारी विद्यालयों में एआर वीआर तकनीक लागू कर शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा रहा है। सिट्रस (नींबू वर्गीय फलों) की बागवानी को बढ़ावा देने तथा तकनीक आधारित कृषि मॉडल को अपनाने पर जोर दिया गया है।

## यूजीसी कानून को वापस ले सरकार

- हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा भिवानी ने यूजीसी कानून को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा जिला भिवानी ने हरियाणा से भरी जाने वाली दो राज्यसभा सीटों में एक सीट पर राजपूत उम्मीदवार बनाए जाने की मांग को लेकर राजपूत धर्मशाला में जिला कार्यकारिणी की बैठक सभा के अध्यक्ष डॉक्टर बृजपाल सिंह पप्पू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार व राजनीतिक दलों से यह मांग की है कि दो राज्य सभा की सीटों पर राजपूत समाज का उम्मीदवार बनाया जाए।



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया

बैठक में वार्षिक सम्मान समारोह की समीक्षा की गई तथा आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। बैठक में सर्वसहमति से प्रस्ताव पास किया कि अगली बैठक में सभा का पिछला पूरा रिकॉर्ड व सामान एकत्रित कर उपस्थित हों। बैठक में सभा ने यूजीसी कानून का पुरजोर विरोध करते हुए सरकार से मांग की कि इसे वापस लिया जाए। सभा के प्रैस प्रवक्ता वेदपाल सिंह परमार ने बताया कि बैठक में महाराणा प्रताप जयंती को बड़े उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया। निर्णय यह भी लिया कि सभा का अपना अलग से एक कार्यालय स्थापित किया जाए जिससे सभा की गतिविधियों का सुचारू रूप से कार्य संपन्न हो सके।

## सीबीएलयू में व्याख्यान का आयोजन

# डीएनए की संरचना की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा डीएनए की छिपी हुई भाषाः संरचना और ऊर्जात्मक गुण किस प्रकार कार्यात्मक नियति का निर्धारण करते हैं विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और शोधार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने तथा शोध अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यह व्याख्यान युवा मस्तिष्कों को जिज्ञासा, तार्किक चिंतन और नवाचार की दिशा में प्रेरित करने वाला रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीडीएलयू सिरसा से प्रो प्रियंका सिवाच रहीं। सम्मान स्वरूप उन्हें पुष्प भेंट कर तथा एक पौधा प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो ललिता गुप्ता रहीं।

आयोजन समिति में डॉ सीमा रानी तथा डॉ मोनिका जांगड़ा शामिल रहीं। इस कार्यक्रम में रिसर्च स्कॉलर एवं एम एससी. लाइफ साइंसेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रो प्रियंका सिवाच ने बताया कि डीएनए केवल न्यूक्लियोटाइड्स का एक रैखिक क्रम नहीं है, बल्कि इसकी संरचनात्मक एवं ऊर्जात्मक विशेषताओं में एक छिपी हुई भाषा निहित होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीएनए की संरचना — जैसे बैंडिंग, फ्लेक्सिबिलिटी, ग्रूव ज्योमेट्री एवं थर्मोडायनेमिक स्टेबिलिटी— जीन अभिव्यक्ति, प्रमोटर पहचान, एक्शन–इंट्रो सीमाओं तथा समग्र जीनोमिक कार्यप्रणाली को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।



## खबर संक्षेप

### तोशाम में 15 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही

**तोशाम।** तोशाम-हिसार मार्ग पर स्थित एसडीएम निवास के नजदीक किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के खंभे व तारों की वजह से तोशाम शहर में करीबन 15 घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। जिससे तोशाम निवासियों को अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। शुक्रवार रात्रि करीबन 12 बजे के पश्चात तोशाम हिसार मार्ग पर एसडीएम निवास के नजदीक स्थित बिजली के खंभे तथा तार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर गया। जिससे कस्बे के तकरीबन एरिया में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान करीबन 15 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से घरों में इनवर्टर भी जवाब दे गए और घरों तथा दुकानों में अंधेरा छाया रहा।

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**चरखी दादरी।** एसडीएम आशीष सांगवान ने जिले में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं, 12वीं, हरियाणा ओपन स्कूल परीक्षाओं को नकल विहीन आयोजित करवाने के उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़डा, कारी और चंदवास गांव के परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया।उन्होंने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाएं जिला में सफल तरीके से आयोजित हों इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है तथा सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की सख्ती से अनुपालना की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग सुनिश्चित करें। बाहर से नकल के लिए मिलने वाली मदद की सभी संभावनाओं से संबंधित पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दें।

### सुशील पंडित और कैप्टन अभिमन्यु कल भिवानी में

**भिवानी।** कला साहित्य और संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक मंच एक मार्च को ठाकुर नीमपाल सिंह व पण्डित किशोरी लाल कौशिक की स्मृति में भिवानी स्थापना महोत्सव मनाने जा रहा है। सांस्कृतिक सदन में सुबह किए जाने वाले इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु भाग लेंगे। समरस भारतः सशक्त भारत विषय पर प्रबुद्ध चिंतक सुशील पंडित अपना उद्बोधन देंगे। विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरपरसन भवानी प्रताप, पूर्व विधायक शशिरंजन परमार व बी के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुवानीखेड़ा के निदेशक सुभाष कौशिक होंगे।

### मादक पदार्थ के साथ बाइक सवारों को दबोचा

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक प्रदीप की टीम ने आरोपियों को नाकाबंदी कर दबोचा है। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 10 ग्राम 11 मिली ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनीष पुत्र सुरेंद्र, निवासी गांव आलमपुर व अनिल पुत्र रामनिवास, निवासी गांव आलमपुर, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

---

### टीआईटीएस संस्थान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# तकनीकी और कंपोजिट टेक्सटाइल को गांव स्तर तक ले जाने की जरूरत : केंद्रीय मंत्री

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

**केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह ने सम्मेलन का शुभारंभ किया**

टीआईटीएस संस्थान में एडवांस्ड टेक्सटाइल स्ट्रक्चरल कंपोजिट एंड जियो सिंथेटिक्स विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर आयोजित तकनीकी वस्त्र एवं कंपोजिट प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया तथा विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। सम्मेलन के दौरान टीआईटी संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु छह महत्वपूर्ण अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। सम्मेलन में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ और भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि तकनीकी वस्त्र एवं संरचनात्मक कंपोजिट्स भविष्य की औद्योगिक प्रगति की आधारशिला हैं। भारत सरकार की वस्त्र नीति देश को वैश्विक विनिर्माण एवं नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार टेक्सटाइल क्षेत्र में साढ़े दस हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि पीएलआई में और डेढ़ हजार करोड़ रुपए टेक्सटाईल पर रिसर्च के लिए दिया है। सरकार ने कपड़ा उद्योग क्षेत्र में 15 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश किया है। तकनीकी और कंपोजिट टेक्सटाइल को गांव स्तर पर लोगों के दिलो-दिमाग तक ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कंपोजिट को भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत माना। उन्होंने कहा अब भारत में ही कंपोजिट व जीयो सिंथेटिक कपड़ा तैयार होगा। वहीं दूसरी ओर लोहे के सरिये के स्थान पर जियो सिंथेटिक मैटीरियल का प्रयोग किया जाएगा, जो लोहे से वजन में हलका होता है। इसकी कीमत भी कम होगी।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### छह अनुबंधों पर हस्ताक्षर हुए

सम्मेलन के दौरान टीआईटीएस संस्थान ने टेक्निकल यूनिवर्सिटी, चेक रिपब्लिक, सिंशु यूनिवर्सिटी जापान, चेक यूनिवर्सिटी ऑफ लाइफ साइंस (फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग), चेक गणराज्य, खमेलनिटस्की नेशनल यूनिवर्सिटी, यूक्रेन, यूनिवर्सिटी ऑफ जिलीना , स्लोवाकिया कलरेंट लिमिटेड, अहमदाबाद के साथ एमओयू किया। इन समझौतों के अंतर्गत संयुक्त शोध, फैकल्टी एवं छात्र विनिमय, तकनीकी प्रशिक्षण एवं उद्योग–शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा दिया जाएगा।

#### अपने लोगों और उनके कार्यों को प्रमोट करें

केंद्रीय मंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने लोगों और अपने लोगों के कार्यों को प्रमोट करें। आज भारत देश की सडक़ें अमेरिका से कहीं बेहतर हैं। श्री मोदी के नेतृत्व में निरंतर तरक्की कर रहा है। नए-नए हाई-वे, एयरवे, वाटर-वे बन रहे हैं। नए-नए अंतर्राष्ट्रीय अवाई अड्डे बन रहे हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस में हमारी रैंकिंग में निरंतर सुधार हो रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. बीके बेहरा ने सम्मेलन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संरचनात्मक कंपोजिट सामग्री हल्की, मजबूत एवं टिकाऊ होने के कारण विमानन उद्योग, ऊर्जा क्षेत्र, रेलवे तथा सामान्य परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपयोग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सतत विकास और ऊर्जा दक्षता की दृष्टि से कंपोजिट सामग्री भविष्य

---


चरखी दादरी। कैंप कार्यालय में लोगों की समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान।

# दादरी शहर में बनेगा स्मार्ट रोड 37 करोड़ का एस्टीमेट तैयार

- विधायक ने अधिकारियों संग मंथन किया, मंजूरी मिलते ही शुरू होगा निर्माण कार्य

**हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी**

दादरी शहर के नागरिकों के लिए बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि शहर में स्मार्ट रोड का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विभाग द्वारा करीब 37 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेज दिया गया है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद स्मार्ट रोड परियोजना पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। विधायक सुनील सांगवान ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना को लेकर मंथन किया।

इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शहर का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता है और स्मार्ट रोड परियोजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि इन सभी क्षेत्रों में सड़क के दोनों ओर यूटिलिटी कॉरिडोर और आधुनिक फुटपाथ बनाए जाएंगे, जिससे पैदल चलने वालों को सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। साथ ही बिजली की लटकती तारों और ट्रांसफार्मरों को हटाकर उन्हें भूमिगत या सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा। स्मार्ट रोड बनने से दादरी शहर की तस्वीर बदलेगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

#### स्मार्ट बाजार बनेगा

विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि दादरी शहर में रविदास नगर से झाड़ू सिंह चौक, झज्जर घाटी होते हुए बधवाना गेट तक स्मार्ट रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही पुराने झज्जर रोड और भगवान परशुराम चौक से झाड़ू सिंह चौक तक भी स्मार्ट रोड बनाई जाएगी। वहीं भगवान परशुराम चौक से लाला लाजपत राय चौक, मेन बाजार, रेलवे रोड और काठ मंडी क्षेत्र को स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा।

---

# 52 लाख की ठगी मामले में दो गिरफ्तार

- अमेरिका भेजने के नाम पर की थी ठगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

जिला अनुसंधान इकाई भिवानी ने अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश निवासी मिताथल, जिला भिवानी ने थाना सदर भिवानी में अमेरिका भेजने के नाम पर 52 लाख रुपये ठगने की शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका बेटा विक्रांत भिवानी में प्रैक्टिस करता है। इसी दौरान उसकी मुलाकात बलकार नामक व्यक्ति से हुई थी।


भिवानी। पुलिस हिरासत में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

#### डंकी रूट के माध्यम से अमेरिका भेजा

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी बलकार ने उनके बेटे विक्रांत से अमेरिका भेजने के नाम पर कुल 52,80,000 रुपये ले लिए और उनके बेटे को अवैध तरीके से डंकी रूट के माध्यम से अमेरिका भेज दिया। वर्ष 2025 में डंकी रूट के माध्यम से अमेरिका भेजे जाने के बाद उनके बेटे को अमेरिका से वापस भारत डिपोर्ट कर दिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रमेश व बलकार निवासी गांव हंसावाला, टोहाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

---


# ललित बने आईसीएआई के नए चेयरमैन

- करदाताओं और विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार : ललित अग्रवाल

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की उत्तर भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी) के अंतर्गत भिवानी सीए शाखा के कार्यकाल 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। 27 फरवरी को हुए चुनावों के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें सीए ललित अग्रवाल को चेयरपर्सन की कमान सौंपी गई है। चुनाव परिणामों के बाद घोषित टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण देखने को मिला। जिनमें सीए ललित अग्रवाल को चेयरमैन, सीए अभिनव अग्रवाल को वाईस चेयरमैन, सीए अंकुर गर्ग को सचिव, सीए सुशील कुमार कोषाध्यक्ष, सीए अमन टुटेजा व पूर्व चेयरमैन सीए राजेश कुमार को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया।

नवनिर्वाचित चेयरमैन सीए ललित अग्रवाल ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यकाल में शाखा का मुख्य केंद्र बिंदु करदाता होंगे। अग्रवाल ने कहा कि भिवानी सीए शाखा करदाताओं की जटिल समस्याओं को सुलझाने के लिए एक सेतु के रूप में कार्य करेगी। हमारा प्रयास रहेगा कि कर अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए ताकि किसी भी तकनीकी या प्रक्रियात्मक समस्या का समाधान सकारात्मक संवाद के जरिए तुरंत हो सके।


भिवानी। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के नवनियुक्त पदाधिकारी।

#### विजन साझा किया

अग्रवाल ने केवल करदाताओं ही नहीं, बल्कि सीए प्रोफेशनल और छात्रों के लिए भी विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के सदस्यों के हितों की रक्षा और उनके पेशेवर कौशल को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। सीए की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बेहतर मार्गदर्शन, प्रशिक्षण मॉड्यूल और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई पहल शुरू की जाएगी तथा टैक्स अथॉरिटीज और स्टेकहोल्डर्स के बीच पारदर्शिता लाने के लिए संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

---

# अमेरिका से नहीं हुई अभी कोई ट्रेड डील: गिरीराज

- राहुल गांधी साबित कर दें तो मैं राजनीति छोड़ दूँगा : केंद्रीय मंत्री

**हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी**

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह कांग्रेस व राहुल पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अभी तक भारत-अमेरिका के बीच कोई ट्रेड डील नहीं हुई है। किसानों की पीठ में छुरा अब नहीं, जब घूपा था जब कांग्रेस ने डब्ल्यूटीओ में किसानों को गिरवी रखा था।

गिरीराज ने इस ट्रेड डील के बाद भारत के बॉगलादेश से भी पिछड़ने के सवाल पर राहुल गांधी को निशाने पर लिया और कहा कि राहुल गांधी ने झूठ बोलने का ठेका ले लिया है। वो बता दें ट्रेड डील कब हुई, कब ज्वाइन हस्ताक्षर हुए तो, मैं राजनीति छोड़ दूँगा उन्हें कहा कि राजीव गांधी ख़ानदान का काम देश व किसानों में अफ़वाह फैलाना है। वे शनिवार को टीआईटी एंड एस भिवानी में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "एडवांस्ड टेक्सटाइल स्ट्रक्चरल कॉम्पोज़िट्स एंड जियोसिंथेटिक्स" कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने एआई सम्मेलन को लेकर कांग्रेस के बब्बर शेरों पर गरजे।

एआई सम्मेलन में कांग्रेसियों के अर्धनग्न प्रदर्शन पर कहा कि ये राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है, जो दुनिया भर में भारत देश को गाली देते हैं। वहां प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस के बबर शेर ऐसे थे जो अपने जूते छोड़कर दूसरों के जुते लेकर भागे। कांग्रेस के इन बब्बर शेरों ने देश का सिर झुका दिया।


भिवानी। आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### निरीक्षण किया

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज भिवानी के टीआईटी कॉलेज के कॉम्पोनेन्ट की स्टोल का निरीक्षण किया और नई नई तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुनिया में टेक्सटाइल्स का एक्सपोर्ट आज 800 बिलियन डॉलर का है जो आने वाले दिनों में और अधिक बढ़ेगा। उन्होंने टेक्सटाइल को उन्नत बनाने के लिए 1.5 हज़ार करोड़ रुपये दिये जाने पर पीएम मोदी का आभार जताया। गिरिराज ने कहा कि आने वाले दिनों में फाइबर से नई तकनीक का सरिया बनेगा, जो सस्ता, हल्का व मजबूत होगा।

---

# 68 लाख रुपये का बजट मंजूर

- 38 लाख से साफ होंगे शहर के नाले, 30 लाख रुपये में बदले जाएंगे टूटे हुए स्लैब : सैनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी**

शहर में लंबे समय से जाम और गंदगी की समस्या से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलने वाली है। नगर परिषद ने शहर के सभी प्रमुख और अंदरूनी नालों की सफाई के लिए 38 लाख रुपये का बजट मंजूर किया है। इसके साथ ही नालों पर लगे टूटे और क्षतिग्रस्त स्लैब को बदलने के लिए 30 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। यह निर्णय नगर परिषद की फाइनेंस की बैठक में चेयरमैन बख्शीराम सैनी की अध्यक्षता में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि बरसात के दिनों में नालों की नियमित सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति बन जाती है। कई जगहों पर नालों के ऊपर लगे स्लैब टूटे हुए हैं, जिससे हादसों की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे में सफाई और मरम्मत दोनों कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अलग-अलग बजट स्वीकृत किया गया है। चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए नगर परिषद हर रोज अहम कदम उठा रही है। शहर को साफ-सुथरा और सुरक्षित बनाना परिषद की प्राथमिकता है।



चेयरमैन बक्शीराम सैनी।

#### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा में काम पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के तहत पहले चरण में मुख्य बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र और प्रमुख मार्गों के नालों की सफाई की जाएगी। इसके बाद वार्ड स्तर पर अंदरूनी गलियों के नालों की सफाई होगी। साथ ही जहां-जहां स्लैब टूटे हुए हैं, वहां नए मजबूत स्लैब लगाए जाएंगे, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

---

# चोरी मामले में दो गिरफ्तार

- आरोपियों से 70,000 रुपये व दो जोड़ी पाजेब बरामद की
- वारदात के समय परिवार गया था शादी समारोह में

**हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा**

थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने घर में चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में गांव जाटू लोहारी निवासी शिकायतकर्ता द्वारा थाना बवानी खेड़ा में शिकायत दी गई थी कि वह अपने परिवार सहित एक शादी समारोह में गए हुए थे। 13 फरवरी को जब वे घर वापस आए तो सब कुछ सामान्य था। बाद में 16 फरवरी को जब उन्होंने अलमारी चेक की तो उसमें से नकदी व आभूषण चोरी मिले। शिकायत पर थाना बवानी खेड़ा में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।


बवानीखेड़ा। पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

#### 70,000 बरामद

थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक सुमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपियों को बवानी खेड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुदाम पुत्र बलजीत, निवासी गांव जाटू लोहारी तथा इमरान पुत्र बिजेंद्र, निवासी गांव जाटू लोहारी रूप में हुई है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ की गई, जिसमें उनकी निशानदेही पर 70,000 नकद व दो जोड़ी चांदी की पाजेब बरामद की गई हैं।

---

### श्री अलख आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन, मंत्री ने दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

# मंदिरों, आश्रमों में फहराती धर्म ध्वजा हमारे प्राचीन सनातन धर्म की समृद्धता की पहचान

- सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और शाश्वत : अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी

**हरिभूमि न्यूज ⏭बहल**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि मंदिरों, आश्रमों में फहराती धर्म ध्वजा हमारे प्राचीन सनातन धर्म की समृद्धता की पहचान कराती है। सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और शाश्वत धर्म है जिसका न कोई आदि है, और न कोई अंत। यह मानवीय मूल्यों, नैतिक कर्तव्यों, कर्म पर आधारित जीवन जीने की एक कला है। यह धर्म हमें जाति, पाति से ऊपर उठकर मानवता के सूत्र में बांधता है और सत्य, अंहिसा, कर्तव्यनिष्ठ और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता है। वे शनिवार को बहल कस्बे के श्री अलख आश्रम में आयोजित द्वादशी भंडारे में श्रद्धालुओं के बीच बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करते हुए हमारे देश के साधू संतों ने मानवता की भलाई की है।


बहल। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते मंत्री। फोटो : हरिभूमि

#### गोसंवर्धन के लिए बजट बढ़ाया

अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा पर आरोप लगाती है कि यह गाय, गीता और ग्रंथ की सरकार है। पर, भाजपा संस्कृति, प्रकृति और सभ्यता को बचाने में विश्वास रखती है। सनातन हमारा प्राचीन धर्म है और गाय हमारी माता है। भाजपा सरकार ने गायों के पालन, सुरक्षा और संवर्धन के लिए देश का सबसे सख्त कानून बनाया और गोवध पर अंकुश लगाने का काम किया। भाजपा शासन से पहले प्रदेश में गौ संवर्धन के लिए मात्र 2 करोड़ रुपये का बजट था जिसे भाजपा सरकार ने बढाकर 582 करोड़ रुपये करने का काम किया है। वहीं, भाजपा सरकार ने देश के सर्वोच्च पद पर द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर महिलाओं को सबसे बड़ा सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस पर कांग्रेस ने झूठे आरोप लगाकर प्रतिबंध लगाने का काम किया था।